24803571

(Pages : 4)

Reg. No.................................

Name.....................................

FIVE YEAR B.A., LL.B./B.Com., LL.B. (HONOURS) DEGREE EXAMINATION JUNE 2024

Fifth Semester

FH 2—Additional Language

Paper II—HINDI

(2021 Admissions Regular/2018 to 2020 Admissions—Supplementary)

Time : Three Hours

Maximum : 75 Marks

I. कोष्ठक से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 कथित भाषा के छोटे से छोटे टुकडे का नाम क्या है ?

(क) शब्द (ख) अक्षर

(ग) ध्वनि (घ) वाक्य

2 ह्रस्व स्वर कितने हैं ?

(क) दो (ख) तीन

(ग) चार (घ) पाँच

3 दीर्घ स्वर कितने हैं ?

(क) पाँच (ख) छः

(ग) सात (घ) आठ

4 शब्द जो हमेशा एक जैसा रहता है उसे क्या कहते हैं ?

(क) विकारी (ख) अव्यय

(ग) सार्थक (घ) निरर्थक

5 इनमें भाववाचक संज्ञा कौन सी है ?

(क) मीठा (ख) चालक

(ग) वीर (घ) लोहा

(5 × 1 = 5 marks)

Turn over

II. एक या दो वाक्यों में उत्तर लिखिए :

6 शब्द के कितने भेद हैं, कौन-कौन हैं ?

7 आदर सूचक 'आप' और निजवाचक 'आप' शब्द के भेद को समझाइए ।

8 विशेषण किसे कहते हैं ? उसकी क्या विशेषता है ?

9 संज्ञा और अव्यय में क्या अन्तर है ?

10 कारक किसे कहते हैं ? उसके भेदों को बताइए ।

(5 × 2 = 10 marks)

III. किन्हीं **पाँच** वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

11 हम खाना खा लिए हैं ।

12 यह कविता हमारी पाठ्य पुस्तक से ली है ।

13 किशोर का एक बेटा है ।

14 वह उसका काम कर रहा है ।

15 यह बड़ा घर में बहुत आदमियाँ रहते हैं ।

16 दादाजी बच्चों को मिठाई दिये ।

17 मेरे को अभी बाज़ार जाना था ।

(5 × 1 = 5 marks)

IV. एक अनुच्छेद लिखिए :

18 समाचार पत्र

अथवा

विज्ञान वरदान या अभिशाप ।

(1 × 5 = 5 marks)

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

19 (क) हिन्दी की किसी मासिक पत्रिका का एक वर्ष के लिए ग्राहक बनने के लिए प्रबन्ध कर्त्ता के नाम एक पत्र लिखिए।

अथवा

(ख) ऐ.ए.एस. परीक्षा में सर्वप्रथम आने पर छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

20 नीचे दिये गये संकेत बिन्दुओं के आधार पर निबन्ध लिखिए :

कंम्यूटर आधुनिक युग की अनिवार्यता। (प्रस्तावना, विज्ञान, का महत्व, कम्प्यूटर के विविध भाग और उसका उपयोग, कम्प्यूटर का उपयोग, सुविधाये, दुरुपयोग निष्कर्ष)

अथवा

पर्यावरण प्रदूषण :

(प्रस्तावना, पर्यावरण सुरक्षा का महत्व, मनुष्य का अंधाधुंध प्रगति का दुष्परिणाम, प्रदूषण का कारण, जल प्रदूषण, वायुमण्डल प्रदूषण, आबादी और प्रदूषण निष्कर्ष)

($2 \times 5 = 10$ marks)

VI. नीचे दिय गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

संसार में तीन बातें बड़ी महत्वपूर्ण होती हैं। इनको प्राप्त करके संसार में किसी भी कोने में जाओगे, तो अपना निर्वाह कर सकोगे। ये तीन बातें हैं—अपनी आत्मा का, अपने आप का और ईश्वर का सच्चा ज्ञान प्राप्त करना। इनका मतलब यह नहीं कि तुम्हें अक्षर ज्ञान नहीं मिलेगा। वह तो मिलेगा ही। लेकिन तुम उसकी चिंता करो, यह मैं नहीं चाहता। इसके लिए तुम्हारे पास अभी बहुत समय है। अक्षर ज्ञान तो इसलिए होता है कि जो कुछ तुम्हें मिला है, उसे तुम दूसरों को दे सको। इतना और याद, रखना कि अब से हमें गरीबी में रहना है। जितना अधिक मैं विचार करता हुँ उतना ही अधिक मुझे लगता है कि गरीबी में ही सुख है। इसलिए मेरी इच्चा है कि अपने परिवार में तुम एक योग्य किसान बनों। अक्षर ज्ञान में गणित और संस्कृत पर पूरा ध्यान रखना। भविष्य में संस्कृत तुम्हारे लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। ये दोनों विषय बड़ी उम्र में सीखना कठिन है।

प्रश्न:

21 लेखक के अनुसार अक्षर ज्ञान का उद्देश्य क्या है ?

22 लेखक अपने पुत्र को योग्य किसान बनने की सलाह क्यों दे रहा है ?

23 प्रस्तुत गद्यांश में किन तीन महत्वपूर्ण बातों की चर्चा की गई है ?

24 अक्षर ज्ञान में किन-किन पर ध्यान देना चाहिए ।

25 इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए ।

(5 × 1 = 5 marks)

VII. पारिभाषिक शब्द लिखिए :

26 Advance.

27 Communication.

28 Circular Letter.

29 Establishment.

30 Fixed Deposit.

(5 × 1 = 5 marks)

VIII. अनुवाद कीजिए :

31 Consolidated report may be furnished.

32 Action has not yet been initiated.

33 प्रस्ताव अपने आप में स्पष्ट है ।

34 हमें कोई टिप्पणी नहीं करनी है ।

35 आपको चुनाव के समय उपस्थित रहना चाहिए ।

(5 × 1 = 5 marks)

IX. सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

36 कफ़न कहानी का उद्देश्य और संदेश क्या है ?

37 स्कंन्दगुप्त नाटक में भटार्क का परिचय दीजिए ।

38 देवसेना का परिचय दीजिए ।

39 'राम की शक्तिपूजा' काव्य नैतिक शक्ति की सफलता का काव्य है ।—साबित कीजिए ।

40 आप न बदलेंगे नाटक में चित्रित समस्याओं को प्रस्तुत कीजिए ।

(5 × 5 = 25 marks)